“परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नरवा पहाड़ में मनाया गया

<u>अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय संयुक्त नृत्य</u>

प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रम”।

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नरवापहाड़ में दिनांक 27, 28 एवं 29 नवंबर 2022 का तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही जोर-शोर एवं उत्साह के साथ मनाया गया इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों के 30 विद्यालयों से लगभग 427 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 85 विभिन्न प्रकार के पारंपरिक नृत्य जैसे : गरबा नृत्य, गोंधल नृत्य, अहीर नृत्य, कोडागु नृत्य, डांगर्या नृत्य, कालबेलिया नृत्य, कोरपुटिया नृत्य, इत्यादि पारंपरिक नृत्य के साथ अनेक ज्वलंत विषय जैसे - कोरोना बालमजदूरी, प्रकृति संरक्षण, पंचतत्व, लिंग निर्धारण, वृद्धाश्रम समस्या इत्यादि अनेक पर कोरियोग्राफ नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।

नृत्य के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने निम्न प्रकार से पुरस्कार भी प्राप्त किए ।

पारंपरिक नृत्य कनिष्ठ:

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा, **<u>प्रथम पुरस्कार</u>** ***(डांडिया रास)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - २ रावतभाटा, **<u>द्वितीय पुरस्कार</u>** ***(हरियाणवी लोकनृत्य सावन मास पर)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नरवापहाड़, **<u>तृतीय पुरस्कार</u>** ***(कालबेलिया नृत्य)***

इसी प्रकार **कनिष्ठ कोरियोग्राफ :**

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय काकरापार, **<u>प्रथम पुरस्कार</u>** ***(बालमजदूरी)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -1 तारापुर, **<u>द्वितीय पुरस्कार</u>** ***(रानी लक्ष्मीबाई)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 4 मुंबई, **<u>तृतीय पुरस्कार</u>** ***(एक पक्षी का जीवन)***

वरिष्ठ पारंपरिक नृत्य:

परमाणु ऊर्जा कनिष्ठ महाविद्यालय मुंबई, **प्रथम पुरस्कार *(बरेदी नृत्य)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 4 रावतभाटा, **द्वितीय पुरस्कार *(कालबेलिया नृत्य)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 1 तारापुर, **तृतीय पुरस्कार** (***कोली नृत्य)***

वरिष्ठ कोरियोग्राफी :

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय अनुपुरम, **प्रथम पुरस्कार *(एकता में शक्ति)***

परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा, **द्वितीय पुरस्कार** (**बाल तस्करी)**

परमाणु ऊर्जा कनिष्ठ महाविद्यालय मुंबई, **तृतीय पुरस्कार** ***(भगवान श्रीकृष्ण)***

इसी श्रृंखला में अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन यू.सी.आई.एल. जादूगोड़ा के चेयरमैन एवं मुख्य प्रबंध निदेशक श्रीमान डॉक्टर सीके असनानी ने मुख्य अथिति के रूप में, श्रीमान राजेश कुमार(निदेशक तकनीकी) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं श्रीमती जयश्री असनानी ने विशेष अथिति के रूप में उपस्थित रहकर दिनांक 27 नवंबर 2022 को किया एवं कार्यक्रम का समापन परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय शिक्षण संस्था के चेयरमैन एवं उत्कृष्ट वैज्ञानिक श्रीमान डॉक्टर वी.पी. वेणुगोपालन मुख्य अथिति के रुप में, श्रीमान डॉ. सी. के. असनानी (चेयरमैन एवं मुख्य प्रबंध निदेशक यू.सी.आई.एल. जादूगोड़ा) विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं श्रीमती लतिका वेणुगोपालन तथा श्रीमती जयश्री असनानी के हाथों से दिनांक 29/11/2022 को हुआ।। यह संपूर्ण कार्यक्रम परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नरवापहाड़ की प्राचार्या रोमा कच्छपएवं उनकी शिक्षकीय टीम के अथाह परिश्रम से सफल एवं संपूर्ण हुआ।